Swami Rama Himalayan University

NAAC A+

# एडमिशन प्रॉस्पेक्टस 2025

एसआरएचयू हिल कैंपस

srhu.edu.in

असीम

# और

अपार प्रेरणा

# की विरासत

## संस्थापक

1925 में उत्तराखंड में जन्मे, परमपूज्य डॉ. स्वामी राम एक योगी, दार्शनिक, वैज्ञानिक और मानवतावादी थे। महात्मा गांधी, श्री अरबिंदो और रवींद्रनाथ टैगोर जैसे महान विभूतियों के मार्गदर्शन में उन्होंने भारत और ऑक्सफोर्ड में उच्च शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने लंदन में एक मेडिकल कंसल्टेंट के रूप में कार्य किया और मास्को में पैरासाइकोलॉजिकल शोध किया।


अपने गुरु के मार्गदर्शन में, उन्होंने विज्ञान और आध्यात्मिकता के बीच सेतु निर्माण की खोज में विश्वभर की यात्रा की। इस यात्रा के दौरान उन्होंने कई प्रमुख आध्यात्मिक और चिकित्सा संस्थानों की स्थापना की। 1970 के दशक में, उन्होंने अमेरिका में हिमालयन इंस्टिट्यूट ऑफ योगा, साइंस एंड फिलॉसफी की स्थापना की, जहाँ उन्होंने ऐसे शोध कार्य प्रारंभ किए जिसने यह सिद्ध किया कि मन का शरीर पर गहरा प्रभाव होता है। उनकी योगिक उपलब्धियों को एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका (1973) में स्थान मिला, जिसने समग्र चिकित्सा और बायोफीडबैक थेरेपी को गहराई से प्रभावित किया।

भारत लौटकर, उन्होंने देहरादून में हिमालयन इंस्टीट्यूट हॉस्पिटल ट्रस्ट (HIHT) की स्थापना की, जिसने उत्तराखंड के स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा क्षेत्र को पूरी तरह बदल दिया। अपने समय से कहीं आगे के सोच रखने वाले , स्वामी राम की विरासत आज भी पीढ़ियों को प्रेरित कर रही है। उनका मिशन था – उत्तराखंड के लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास और अन्य क्षेत्रों में सेवा प्रदान करना।

“सच्ची शिक्षा तब शुरू होती है
जब आप खुद को जानने और खोजने
की कला सीख जाते हैं।”

*H H Swami Rama*






# लाइफ का कम्पास

### शिक्षा केवल लेन देन की प्रणाली नहीं?

क्या यह छात्रों को केवल डिग्री और करियर तक सीमित रखने के बजाय जीवन की यात्रा के लिए एक दिशा दे सकती है? क्या यह चरित्र की दृढ़ता पैदा कर सकती है? ऊर्जावान जीवन को एक आदत बना सकती है?और एक ऐसी मानसिकता विकसित कर सकती है जिसमें हर चुनौती का सामना जीतने के अटल संकल्प से किया जाए?

### एसआरएचयू में हम मानते हैं कि ऐसा ही होना चाहिए।

हमारे लिए पाठ्यक्रम केवल शुरुआत है, अंत नहीं। हम समग्र विकास पर ध्यान देते हैं — प्रैक्टिकल वर्क एक्सपीरियंस से लेकर सोच-समझकर मार्गदर्शन तक, विचारों को विकसित कर उन्हें उद्यमों में बदलने से लेकर नेतृत्व कौशल के विकास के लिए समर्पित संसाधनों तक,हम हर पहलू पर काम करते हैं।

इसीलिए, कठोर परिश्रम से पैदा होने वाली शैक्षणिक उत्कृष्टता के अलावा, हम इंटर्नशिप्स के माध्यम से उद्यमशीलता, मेंटरशिप, नेतृत्व और वास्तविक जीवन के कार्य-अनुभवों को जीवनशैली के रूप में बढ़ावा देते हैं।

जिस कारण हम एक ऐसी संस्कृति को जीते हैं जहाँ जीवन कौशल स्वभाव का हिस्सा बन जाते हैं। और जीवन की यात्रा का मार्ग केवल गति से नहीं, बल्कि दिशा से भी तय होता है।

### सोच जो हमारे ब्रांड वादे में समाहित है।




- इंटर्नशिप
- एंटरप्रेन्योरशिप
- मेंटरशिप
- लीडर्शिप

# नवाचार एवं उद्यमिता केंद्र

सीआईईई एसआरएचयू का नवाचार और स्टार्ट-अप इन्क्यूबेटर है, जो छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों में उद्यमशील प्रतिभा को विकसित करने के लिए समर्पित है। यह संस्था व्यक्तियों को मेंटरशिप, बुनियादी ढांचा और रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करके उनके विचारों को स्थायी उद्यमों में बदलने का सशक्तिकरण करती है।

### मिशन

- रचनात्मकता व उद्यमशील सोच को विकसित करना
- शिक्षा जगत को उद्योग व निवेशकों से जोड़ना
- सतत नवाचार व विकास को बढ़ावा देना

### सहायता प्रणाली

- विशेषज्ञ मार्गदर्शन
- अत्याधुनिक कार्यक्षेत्र
- फंडिंग में सहायता
- व्यवसाय विकास में सहायता
- नेटवर्किंग के अवसर

### छात्र उद्यम

'द फूड प्रोजेक्ट', 'ULO लैब्स', 'रंग दे होप', 'मिंदुरा योगवेल' और 'एसआर केयर हाइव' जैसे स्टार्ट-अप छात्रों की नवाचार क्षमता को प्रदर्शित करते हैं।

### प्रमुख उपलब्धियाँ

- 'कैनफिनिस थेराप्यूटिक्स' और 'हिमफला प्राइवेट लिमिटेड' जैसे राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त उद्यमों को इन्क्यूबेट किया
- उत्तराखंड इनोवेशन फेस्टिवल जैसे उद्योग आयोजनों की मेजबानी की
- रंगोत्सव जैसे बूटकैम्प्स और प्रतियोगिताओं के माध्यम से उद्यमशीलता कौशल प्रशिक्षण दिया
- वास्तविक विश्व की चुनौतियों का समाधान करने वाले उद्यमों के जरिए सामाजिक प्रभाव सृजित किया

**अपने विचारों को वास्तविकता में बदलें—एसआरएचयू सीआईईई के साथ।**



## इंटर्नशिप

# इंटर्नशिप कार्यक्रम

हम मानते हैं कि वास्तविक दुनिया का अनुभव शैक्षणिक अनुभव जितना ही महत्वपूर्ण है।
हमारी 'अर्न वाइल लर्न स्कीम' (EWLS) अधिकांश कार्यक्रमों के छात्रों के लिए एक वेतन सहित इंटर्नशिप अवसर है। यह व्यावहारिक उद्योग अनुभव, शैक्षणिक सहायता, रोजगार तैयारी प्रशिक्षण और नेतृत्व विकास प्रदान करती है।

### छात्रों के लिए लाभ

- कक्षा में सीखे गए ज्ञान को वास्तविक दुनिया में लागू करने का अवसर।
- अपने पाठ्यक्रम के दौरान मूल्यवान औद्योगिक अनुभव प्राप्त करें।
- कार्यस्थल कौशल और नेतृत्व गुण विकसित करें।
- सीखते हुए कमाई करें।

### पात्रता

- स्नातक छात्र: द्वितीय वर्ष से विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मानदंडों के आधार पर।
- स्नातकोत्तर छात्र: प्रथम वर्ष से विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मानदंडों के आधार पर।
- नोट: Ph.D. छात्र इस योजना के लिए पात्र नहीं हैं।

## मेंटरशिप

# मार्गदर्शक-साधक कार्यक्रम

यह कार्यक्रम छात्रों को अनुभवी मेंटर्स - फैकल्टी सदस्यों, पूर्व छात्रों या वरिष्ठ छात्रों - से जोड़ता है। मेंटर्स अपने समृद्ध अनुभवों का उपयोग करके शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास के लिए व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

### मेंटर मेंटी प्रोग्राम

#### व्यक्तिगत मार्गदर्शन

शैक्षणिक मामलों, करियर योजना, कौशल विकास और विश्वविद्यालय जीवन में नेविगेट करने के लिए अनुरूप सलाह।

#### करियर एवं व्यावसायिक विकास

संभावित करियर मार्गों, इंटर्नशिप, नौकरी के अवसरों और पेशेवर नेटवर्किंग पर अंतर्दृष्टि, जो छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करती है।

#### शैक्षणिक सहायता

शैक्षणिक चुनौतियों में सहायता, समय प्रबंधन और अध्ययन तकनीकों पर सलाह।

#### नेटवर्किंग और उद्योग संबंधी जानकारी

मेंटी को मेंटर के पेशेवर नेटवर्क तक पहुंच प्राप्त होती है, जो इंटर्नशिप, नौकरी प्लेसमेंट और भविष्य के सहयोग के द्वार खोलती है।

#### व्यक्तिगत विकास एवं आत्मविश्वास का निर्माण

मेंटर-मेंटी संबंध छात्रों को आत्मविश्वास बनाने, निर्णय लेने के कौशल को सुधारने और लचीलेपन को बढ़ावा देने में मदद करता है।

#### दीर्घकालिक संबंध

इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थायी मेंटर मेंटी संबंध बनाना है, जो विश्वविद्यालय जीवन के बाद भी जारी रहते हैं, और छात्रों को उनके पेशेवर करियर में मदद करता है।



# सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड कम्युनिकेशन एनरिचमेंट (सी-पेस)

यह केंद्र छात्रों के संचार और पारस्परिक कौशल को समृद्ध करने के लिए समर्पित है, जो उन्हें शैक्षिक, पेशेवर और सामाजिक क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने के लिए तैयार करता है। इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, नर्सिंग और बायोसाइंसेज सहित सात कॉलेजों में संचालित, सी-पेस छात्रों को सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण, सार्वजनिक बोलने की कला और पेशेवर तैयारी के माध्यम से सशक्त बनाता है।


### इसके मुख्य प्रयासों में शामिल हैं:

1. सॉफ्ट स्किल्स विकास - अंग्रेजी बोलने, आत्मविश्वास निर्माण और पारस्परिक कौशल में प्रशिक्षण
2. रोजगार क्षमता वृद्धि - रिज़्यूमे, इंटरव्यू, ग्रुप डिस्कशन और नेटवर्किंग मार्गदर्शन
3. सहयोगात्मक शिक्षण - विविध शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप विशिष्ट कार्यक्रम

छात्रों द्वारा संचालित वाले प्रयास जैसे यूनाइट और मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) नेतृत्व, इवेंट मैनेजमेंट और वैश्विक संलग्नता के लिए अनुभवात्मक मंच प्रदान करते हैं।

शैक्षणिक ज्ञान को वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोग से जोड़कर, सी-पेस यह सुनिश्चित करता है कि छात्र आत्मविश्वासी, अनुकूलनीय और वैश्विक रूप से सक्षम पेशेवरों के रूप में उभरें - जो विश्वविद्यालय की समग्र शिक्षा और रोजगार तत्परता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




N
NW
NE
W
E
SW
SE
S

# SRHU हिल कैंपस

15 अक्टूबर 2018 को पौड़ी गढ़वाल के पट्टी मल्ला बदलपुर स्थित गाँव टोली, दुधारखाल में पॉलिटेक्निक कॉलेज का औपचारिक उद्घाटन हुआ, जिससे एक लंबे समय से संजोया गया सपना साकार हुआ। अब SRHU हिल कैंपस टोली के नाम से प्रसिद्ध यह संस्थान पहाड़ी क्षेत्र के लोगों को शिक्षा, कौशल विकास और रोज़गार के अवसरों के माध्यम से सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। सेवा और विकास की व्यापक दृष्टि के अनुरूप, इस कैंपस को एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जा रहा है।

## अकादमिक कार्यक्रम

तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में, SRHU हिल कैंपस के माध्यम से विभिन्न शाखाओं में सिविल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के साथ-साथ बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन (BCA) कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।
कॉलेज के अंतर्गत विभिन्न विभागों की संरचना एवं उनके द्वारा संचालित कार्यक्रमों का विवरण निम्नलिखित है।

## सिविल इंजीनियरिंग

विभाग का मुख्य जोर सिविल इंजीनियरिंग की मूलभूत अवधारणाओं को समझने तथा विश्लेषणात्मक और रचनात्मक कौशल को विकसित करने पर है, ताकि विद्यार्थी नए-नए तकनीकी चुनौतियों का सामना कर सकें।यह विभाग जियोटेक्निकल इंजीनियरिंग, परिवहन इंजीनियरिंग, हाइड्रॉलिक्स, जल संसाधन इंजीनियरिंग, नगरपालिका और स्वच्छता सेवाओं सहित सिविल इंजीनियरिंग के अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में शिक्षा प्रदान करता है, जो पुलों, इमारतों, सड़कों, सुरंगों और बांधों जैसी संरचनाओं की डिज़ाइन और निर्माण प्रक्रिया से जुड़े होते हैं।

### मुख्य विशेषताएँ

1. आधुनिक परिवहन प्रणालियों, निर्माण प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन, भू-तकनीकी इंजीनियरिंग, संरचनात्मक इंजीनियरिंग, जल संसाधन एवं पर्यावरण इंजीनियरिंग, तथा भभौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS) आदि क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान में योग्य संकाय सदस्यों की नियुक्ति और उपलब्धता।
2. नवीनतम प्रयोगशालाओं और आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित कार्यशाला सुविधाएँ।
3. परियोजना-आधारित नवाचारी शिक्षा एवं उभरते विषयों पर संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में सेमिनार और कार्यशालाओं का आयोजन।
4. औद्योगिक भ्रमण, औद्योगिक प्रशिक्षण तथा उद्योग-आधारित वैकल्पिक कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को उद्योग से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना।

### रोज़गार के अवसर

देश तेज़ी से अपने बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में अग्रसर है, जिसके अनुरूप सिविल इंजीनियरों की मांग भी निरंतर बढ़ रही है।केंद्र और राज्य स्तर की एजेंसियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र द्वारा संचालित सभी प्रमुख निर्माण परियोजनाओं में सिविल इंजीनियरों की भारी आवश्यकता है।

## मैकेनिकल इंजीनियरिंग

विभाग स्वचालन, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग, और कंप्यूटर-आधारित डिज़ाइन (CAD) में नवीनतम तकनीकी का समग्र सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करता है।आधुनिक प्रयोगशालाओं और कार्यशालाओं से सुसज्जित इंफ्रास्ट्रक्चर यह सुनिश्चित करता है कि छात्रों को रोज़गार योग्य बनने के लिए आवश्यक कौशल और अनुभव प्राप्त हो।

### मुख्य विशेषताएँ

1. मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान में संलग्न योग्य संकाय सदस्यों की नियुक्ति और उपलब्धता।
2. औद्योगिक भ्रमण, औद्योगिक प्रशिक्षण, और उद्योग-आधारित वैकल्पिक कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को उद्योग से संबंधित ज्ञान प्रदान करना।
3. संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में, छात्र उद्योग और समाज की आवश्यकताओं के अनुसार परियोजनाओं का चयन और कार्यान्वयन करते हैं।
4. नवीनतम प्रयोगशालाओं और आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित कार्यशाला सुविधाएँ।

### रोज़गार के अवसर

सरकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के उपक्रमों में मैकेनिकल इंजीनियरों के लिए पर्याप्त नौकरी के अवसर उपलब्ध हैं।मैकेनिकल इंजीनियर ऑटोमोबाइल निर्माण, एयर कंडीशनिंग, अंतरिक्ष अनुसंधान, विमानन, ऊर्जा आदि जैसे क्षेत्रों में भविष्य निर्माण कर सकते हैं।



## बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन (BCA)

कंप्यूटर विभाग उच्च गुणवत्ता वाली व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करता है। यह कोर्स उन छात्रों के लिए उपयुक्त है जो कंप्यूटर विज्ञान और प्रोग्रामिंग में रुचि रखते हैं। छात्रों को वर्तमान उद्योग की आवश्यकताओं और नवीनतम मांगों के अनुसार तैयार करने के लिए नियमित रूप से कार्यशालाओं और सेमिनारों का आयोजन किया जाता है। चौथे वर्ष के अंत तक, छात्र कंप्यूटर के सभी पहलुओं का पूर्ण ज्ञान प्राप्त कर लेते हैं।

भारत में आईटी उद्योग के तेज़ी से बढ़ने के साथ, कंप्यूटर पेशेवरों की मांग हर दिन बढ़ रही है। आईटी उद्योग के इस बढ़ते विस्तार ने कंप्यूटर स्नातकों के लिए कई अवसर उत्पन्न किए हैं।

बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन एक चार वर्षीय स्नातक पेशेवर डिग्री कोर्स है (जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर आधारित है)। यह चार वर्षीय तकनीकी कोर्स सेमेस्टर प्रणाली के तहत संचालित होता है और इसे 8 सेमेस्टर में विभाजित किया जाता है। यह कोर्स उन छात्रों के लिए उपयुक्त है जो कंप्यूटर विज्ञान और प्रोग्रामिंग में रुचि रखते हैं। यह पारंपरिक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग कार्यक्रम का एक अच्छा विकल्प है, क्योंकि इसे वर्तमान उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार डिज़ाइन किया गया है। चौथे वर्ष के अंत तक, छात्र कंप्यूटर की कार्यप्रणाली का गहन ज्ञान प्राप्त कर लेते हैं।

### मुख्य विशेषताएँ

1. नवीनतम सॉफ़्टवेयर से सुसज्जित प्रयोगशालाएँ
2. अनुसंधान और शैक्षिक समन्वय
3. उच्च और नवीनतम तकनीकी कंप्यूटर सर्वरों पर आधारित संचार प्रणाली की उपलब्धता
4. इंटरएक्टिव और इंटीग्रेटेड लर्निंग

### रोज़गार के अवसर

छात्र सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ़्टवेयर विकास, वेब एप्लिकेशन विकास आदि क्षेत्रों में अपना भविष्य बना सकते हैं। मास्टर कार्यक्रम के लिए आवेदन करने से आगे शिक्षा के अवसर भी प्राप्त होते हैं।

### हॉस्टल सुविधा

स्कूल परिसर में उत्कृष्ट हॉस्टल सुविधा उपलब्ध है, जिसमें निम्नलिखित सुविधाएँ न्यूनतम शुल्क पर चयनित छात्रों को प्रदान की जाती हैं:

- कमरे में बिस्तर, अध्ययन टेबल, कुर्सी, आलमारी, पंखा, लाइट आदि की पूरी व्यवस्था।
- स्वच्छ वातावरण के साथ मेस सुविधा।
- इनडोर और आउटडोर खेलों के लिए सुविधाएँ।
- टेलीमेडिसिन के माध्यम से मुफ्त प्राथमिक चिकित्सा और दवाओं की पूरी व्यवस्था।

## सिविल इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा

### पात्रता

**नियमित प्रवेश:-** उम्मीदवार ने किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/बोर्ड से हाई स्कूल स्तर (कक्षा 10) या समकक्ष परीक्षा न्यूनतम 45% अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो उम्मीदवार ने हाई स्कूल स्तर पर विज्ञान और गणित को अनिवार्य विषयों के रूप में पढ़ा हो ।

**लेटरल एंट्री:-** उम्मीदवार ने किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/ बोर्ड से परीक्षा उत्तीर्ण की हो

- आईटीआई (दो वर्षीय) के बाद या इंटरमीडिएट (10+2) विज्ञान (भौतिकी, रसायन और गणित) या समकक्ष परीक्षा

- मैकेनिकल और सिविल इंजीनियरिंग कार्यक्रमों में प्रवेश योग्यता के आधार पर दिए जाएंगे
- पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद, छात्रों को अलुमनी (अलुमनी काउंसिल) के लिए पंजीकरण करना होगा।

## बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन्स (राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित)

बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन्स (राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर आधारित) एक चार वर्षीय पाठ्यक्रम है जिसमें तीन वर्ष पूर्ण करने पर डिग्री और चार वर्ष पूर्ण करने पर ऑनर्स डिग्री प्रदान की जाती है।

### पात्रता

उम्मीदवार ने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं या समकक्ष परीक्षा न्यूनतम 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो

* पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद, छात्रों को अलुमनी (अलुमनी काउंसिल) और कॉन्वोकेशन सेरेमनी) के लिए पंजीकरण करना होगा ।



# होटल संचालन सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम

### परिचय

हमारा होटल संचालन में सर्टिफिकेट प्रोग्राम आपको इस रोमांचक क्षेत्र में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल, ज्ञान और विशेषज्ञता से लैस करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। व्यावहारिक प्रशिक्षण और उद्योग-संबंधी जानकारी पर ध्यान केंद्रित करते हुए, यह प्रोग्राम आपको होटल प्रबंधन, ऑपरेशंस और ग्राहक सेवा के एक शानदार करियर के लिए तैयार करेगा।

मुख्य विशेषताएँ

- व्यापक पाठ्यक्रम: फ्रंट ऑफिस, हाउसकीपिंग, फूड एंड बेवरेज, फूड प्रोडक्शन आदि को कवर करता है।
- हाथों-हाथ प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव
- उद्योग-मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र
- उद्योग अनुभव वाले विशेषज्ञ संकाय
- 100% प्लेसमेंट सहायता

### पात्रता

हाई स्कूल (10वीं या 12वीं कक्षा), न्यूनतम 40% अंक

### अवधि

नौ महीने

### रोज़गार के अवसर

होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद, आप हॉस्पिटैलिटी उद्योग में विदेशों में विभिन्न करियर अवसरों का पता लगा सकते हैं। यहाँ कुछ संभावित करियर विकल्प दिए गए हैं:

### अंतरराष्ट्रीय होटल श्रृंखलाएँ

1. मैरियट इंटरनेशनल
2. हिल्टन वर्ल्डवाइड
3. इंटरकॉन्टिनेंटल होटल्स ग्रुप (IHG)
4. एक्कॉर होटल्स
5. फोर सीज़न्स होटल्स एंड रिसॉर्ट्स

### क्रूज़ लाइन्स और रिसॉर्ट्स

1. कार्निवल कॉर्पोरेशन
2. रॉयल कैरेबियन क्रूज़ेस
3. डिज़्नी क्रूज़ लाइन
4. क्लब मेड रिसॉर्ट्स
5. सैंडल्स रिसॉर्ट्स इंटरनेशनल

### उच्च मांग वाले देश

1. संयुक्त अरब अमीरात (दुबई, अबू धाबी)
2. संयुक्त राज्य अमेरिका (प्रमुख शहर जैसे न्यूयॉर्क, लॉस एंजिल्स, लास वेगास)
3. यूनाइटेड किंगडम (लंदन)
4. ऑस्ट्रेलिया (प्रमुख शहर जैसे सिडनी, मेलबर्न)
5. सिंगापुर
6. मलेशिया
7. थाईलैंड



# अनुसंधान एवं विकास

एसआरएचयू  आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने हेतु शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और व्यवहारिक अनुप्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय की अनुसंधान प्रोत्साहन नीति के माध्यम से, उत्कृष्टता केंद्रों, अनुसंधान पार्कों, नवाचार केंद्रों और प्रौद्योगिकी व्यवसाय इन्क्यूबेटर्स को विकसित किया जा रहा है, साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों, विश्वविद्यालयों और उद्योगों के साथ सहयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

2017 में स्थापित, एसआरएचयू की अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ (RDC) अनुसंधान पहलों को समर्थन देती है, उद्योग साझेदारियों को मजबूत करती है और समग्र अनुसंधान गुणवत्ता को बढ़ाती है।


## शैक्षणिक इकाई

विश्वविद्यालय 15 से अधिक विभिन्न विभागों में PhD कार्यक्रम प्रदान करता है, जैसे कि नर्सिंग विज्ञान, महामारीविज्ञान, इम्यूनोलॉजी, ऑन्कोलॉजिकल विज्ञान, बायोटेक्नोलॉजी, बायोकैमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, योग विज्ञान, आदि। एडमिशन एक वर्ष में दो बार होते हैं और विश्वविद्यालय की नीति के अनुसार SRHU-JRF प्रदान किया जाता है।

## फंक्शनल यूनिट

एसआरएचयू अपनी अनुसंधान एवं विकास पहलों को तीन-स्तरीय संरचना के माध्यम से संचालित करता है, जिसमें इंस्टीट्यूशनल रिसर्च कमेटी (आईआरसी), यूनिवर्सिटी रिसर्च कमेटी (यूआरसी), और शीर्ष-स्तरीय यूनिवर्सिटी रिसर्च एडवाइज़री बोर्ड (यूआरएबी) शामिल हैं। विश्वविद्यालय इंट्राम्यूरल ग्रांट्स, सीड मनी ग्रांट्स और एक्स्ट्राम्यूरल ग्रांट्स के माध्यम से अनुसंधान को समर्थन देता है, साथ ही संकाय-नेतृत्व वाले नवाचार को बढ़ावा देता है।

एक नव स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस न्यूरोसाइंसेज, एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस और कैंसर अनुसंधान पर केंद्रित है, जिसका विजन जीनोम-आधारित डायग्नोस्टिक्स, बायोमार्कर्स, इम्यून थेरेपी, गट बायोम स्टडीज और सिंगल-सेल जीनोमिक्स तक विस्तार करना है। आरडीसी नासी (NASI) उत्तराखंड चैप्टर की ओर से वर्कशॉप्स, राष्ट्रीय सम्मेलनों और इवेंट्स का आयोजन भी करता है।



## विश्वविद्यालय निम्नलिखित क्षेत्रों में पीएच.डी. कार्यक्रम प्रदान करता है: विशेषज्ञता / पात्रता मानदंड

# बायोकेमिस्ट्री

1. जैव रसायन/जैव प्रौद्योगिकी या किसी संबंधित क्षेत्र में स्नातकोत्तर (मास्टर्स) डिग्री न्यूनतम 55% अंक या 10 अंकों के स्केल पर 10 में से 5.5 सीजीपीए।
2. जैव रसायन/जैव प्रौद्योगिकी में एम.फिल. डिग्री न्यूनतम 55% अंक या 10 अंकों के स्केल पर 10 में से 5.5 सीजीपीए।

# बायोटेक्नोलॉजी

1. जैव प्रौद्योगिकी/जैव रसायन/वनस्पति विज्ञान/प्राणी विज्ञान/सूक्ष्म जीव विज्ञान या संबंधित क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिग्री न्यूनतम 55% अंक या 10 अंकों के स्केल पर 10 में से 5.5 सीजीपीए।
2. जैव प्रौद्योगिकी/जैव रसायन/वनस्पति विज्ञान/प्राणी विज्ञान/सूक्ष्म जीव विज्ञान में एम.फिल. डिग्री न्यूनतम 55% अंक या 10 अंकों के स्केल पर 10 में से 5.5 सीजीपीए।

# एपिडेमियोलॉजी

1. महामारी विज्ञान/सामुदायिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर डिग्री या क्लिनिकल रिसर्च में एम.एस. न्यूनतम 55% अंक या 10 अंकों के स्केल पर 10 में से 5.5 सीजीपीए।
2. महामारी विज्ञान/सामुदायिक चिकित्सा/क्लिनिकल रिसर्च में एम.फिल. डिग्री न्यूनतम 55% अंक या 10 अंकों के स्केल पर 10 में से 5.5 सीजीपीए।

# इम्यूनोलॉजी

1. प्रतिरक्षा विज्ञान/जैव रसायन/जैव प्रौद्योगिकी/सूक्ष्म जीव विज्ञान या संबंधित क्षेत्र में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री न्यूनतम 55% अंक या 10 अंकों के स्केल पर 10 में से 5.5 सीजीपीए।
2. प्रतिरक्षा विज्ञान/जैव रसायन/जैव प्रौद्योगिकी/सूक्ष्म जीव विज्ञान में एम.फिल. डिग्री न्यूनतम 55% अंक या 10 अंकों के स्केल पर 10 में से 5.5 सीजीपीए।

# प्रबंधन

**(वित्त, मानव संसाधन, विपणन)**

1. वाणिज्य/व्यवसाय प्रशासन/मानव संसाधन प्रबंधन/वित्त/विपणन या किसी संबंधित क्षेत्र में स्नातकोत्तर (मास्टर्स) डिग्री न्यूनतम 55% अंक या 10 अंकों के स्केल पर 10 में से 5.5 सीजीपीए।
2. वाणिज्य/व्यवसाय प्रशासन/मानव संसाधन प्रबंधन/वित्त/विपणन में एम.फिल. डिग्री न्यूनतम 55% अंक या 10 अंकों के स्केल पर 10 में से 5.5 सीजीपीए।

# मेडिकल फिजिक्स

चिकित्सा भौतिकी या किसी संबंधित क्षेत्र में स्नातकोत्तर (मास्टर्स) डिग्री न्यूनतम 55% अंक या 10 अंकों के स्केल पर 10 में से 5.5 सीजीपीए।

# माइक्रोबायोलॉजी

1. सूक्ष्म जीव विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी या किसी संबंधित क्षेत्र में स्नातकोत्तर (मास्टर्स) डिग्री न्यूनतम 55% अंक या 10 पॉइंट स्केल पर 5.5 CGPA के साथ या 10 अंकों के स्केल पर 10 में से 5.5 सीजीपीए।
2. सूक्ष्म जीव विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी में एम.फिल. डिग्री न्यूनतम 55% अंक या 10 अंकों के स्केल पर 10 में से 5.5 सीजीपीए।



# कैंसर बायोलॉजी / कैंसर मेडिसिन

1. पोस्टग्रेजुएट मास्टर डिग्री ऑन्कोलॉजी विज्ञान / फार्माकोलॉजी / माइक्रोबायोलॉजी / बायोकेमिस्ट्री / बायोटेक्नोलॉजी या संबंधित क्षेत्रों में न्यूनतम 55% कुल या 10 अंकों के स्केल पर 10 में से 5.5 सीजीपीए।
2. एम.फिल डिग्री ऑन्कोलॉजी विज्ञान / फार्माकोलॉजी / माइक्रोबायोलॉजी / बायोकेमिस्ट्री / बायोटेक्नोलॉजी में न्यूनतम 55% कुल अंक या 10 अंकों के स्केल पर 10 में से 5.5 सीजीपीए।

# फार्माकोलॉजी

1. पोस्टग्रेजुएट मास्टर डिग्री फार्माकोलॉजी या किसी अन्य संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 55% कुल अंक या 10 अंकों के स्केल पर 10 में से 5.5 सीजीपीए।
2. एम.फिल डिग्री फार्माकोलॉजी में न्यूनतम 55% कुल अंक या 10 अंकों के स्केल पर 10 में से 5.5 सीजीपीए।

# फिजियोलॉजी

1. पोस्टग्रेजुएट मास्टर डिग्री फिजियोलॉजी या किसी अन्य संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 55% कुल अंक या 10 अंकों के स्केल पर 10 में से 5.5 सीजीपीए।
2. एम.फिल डिग्री फिजियोलॉजी में न्यूनतम 55% कुल अंक या 10 अंकों के स्केल पर 10 में से 5.5 सीजीपीए।

**नोट:** SC/ST/OBC (गैर-क्रीमी लेयर)/विभिन्न-क्षमता वाले उम्मीदवारों के लिए 55% से 50% तक के अंकों में या ग्रेड के समकक्ष छूट दी जा सकती है।

स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में उपलब्ध अनुसंधान के क्षेत्र:

**कार्यक्रम/ अनुसंधान के क्षेत्र:**

बायोकैमिस्ट्री, बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी,पर्यावरणीय बायोटेक्नोलॉजी,जैविक अनुसंधान, बायोकैमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, जीनोमिक्सन्यूरो, बायोलॉजी, वायरलॉजी, मानव, पशु, पौधा, सूक्ष्मजीव कोशिका और आणविक जीवविज्ञान। नैनो बायोटेक्नोलॉजी नैनो टॉक्सिकोलॉजी ,बायोइन्फॉर्मेटिक्स और सिस्टम्स बायोलॉजी

# योग विज्ञान

योग में स्नातकोत्तर डिग्री, या कोई अन्य संबंधित क्षेत्र

# फार्मेसी

**(फार्मास्यूटिक्स, फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री, फार्माकोलॉजी)**

जिन छात्रों ने पीसीआई द्वारा अनुमोदित फार्मेसी विषय के किसी भी विशेषज्ञता में स्नातकोत्तर (मास्टर्स) न्यूनतम 55% अंकों के साथ उत्तीर्ण किया है, वे प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे। जिन छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर की ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट (GPAT) उत्तीर्ण की है, उन्हें पीएच.डी. कार्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा से छूट दी जाएगी।



# वैश्विक सहयोग, मान्यता और संगठनात्मक संबंध

IIT रुड़की

अर्न्स्ट एंड यंग

NABL

LEARNET SKILLS FOR LIFE

लर्नेट स्किल्स फॉर लाइफ

SGPGI

ICMR

LAUREA AMMATTIKORKEAKOULU

फिनलैंड

DSIR

The hans Foundation

हैंस फाउंडेशन

American Heart Association

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन

NMC

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

AIIMS

CII Confederation of Indian Industry

CII

筑波大学 University of Tsukuba

जापान

ELSEVIER

एल्सेवियर

# एसआरएचयू में जीवन

एसआरएचयू में जीवन कक्षाओं से कहीं आगे बढ़कर है। यह एक जीवंत यात्रा है जहाँ छात्र न सिर्फ़ शैक्षणिक रूप से, बल्कि खेल, संगीत, कला और तमाम सह-शैक्षणिक व अतिरिक्त गतिविधियों के माध्यम से सीखते, और आगे बढ़ते हैं। अपनी प्रतिभा को खोजने और प्रदर्शित करने के असंख्य अवसरों के साथ,यहाँ के छात्र एक ऐसे जीवन का निर्माण करते हैं जो सीखने, दोस्ती और अविस्मरणीय अनुभवों से भरा होता है।


















# पुरस्कार और मान्यता

## एसआरएचयू के **शौर्य सैनी** ने विश्व चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण व रजत पदक

स्वामी रामा हिमालयन यूनिवर्सिटी (एसआरएचयू) में छात्रों को शैक्षणिक के अलावा अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया जाता है। इसका एक बेहतरीन उदाहरण हैं शौर्य सैनी, जिन्होंने जर्मनी के हैनोवर में आयोजित 2024 विश्व डेफ शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया।

एसआरएचयू ने शौर्य के सफर में पूरा साथ दिया, जिसमें उपकरणों के लिए वित्तीय सहायता भी शामिल थी - जिससे उन्हें ओलंपिक सपनों को पूरा करने का आत्मविश्वास मिला।

16 से अधिक देशों की प्रतिस्पर्धा में उनकी यह उल्लेखनीय सफलता न केवल एक व्यक्तिगत जीत है, बल्कि प्रत्येक एसआरएचयू छात्र के लिए एक प्रेरणा है कि वे बड़े सपने देखें, सीमाओं को चुनौती दें और जानें कि उनकी यूनिवर्सिटी हमेशा उनकी उत्कृष्टता की आकांक्षाओं में उनके साथ है।



# प्लेसमेंट



**अंतरिक्ष रतूड़ी**

बीबीए, के.पी. एंटरप्राइजेज



**वंश शर्मा**

बी.टेक सीएसई, पोर्टवे सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड



**विधि शर्मा**

बीसीए, इंफोसिस



**रितिका नागर**

बी.टेक सीएसई, रियल्टी असिस्टेंट



**अंशिका बर्थवाल**

एमबीए, टीचनूक



**श्रृष्टि पंवार**

बी.कॉम, वाउजॉब्स



**आशीष भट्ट**

बी.टेक सीएसई, 75वे टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड



**शुभम नेगी**

बी.टेक सीएसई, ओरियन मरीन कॉन्सेप्ट्स

**280+** नियोक्ता

**30+** प्रमुख नियोक्ता

Infosys | wipro | Grant Thornton | Justdial

SBI Securities | HDB Financial Services | MarshMcLennan | nagarro

# सुविधाएँ एवं आवास

हमारा परिसर सुरक्षित, संरक्षित, अच्छी तरह से प्रकाशित और आरामदायक है।

उपलब्ध सुविधाएँ छात्रों के सफल शैक्षिक और सामाजिक जीवन के लिए सुविधा एवं आराम प्रदान करती हैं।



**छात्रावास और आवास**




**कैंटीन और कैफे**



**यूटिलिटी सेंटर**



**पार्क और उद्यान**

हम मानते हैं कि शिक्षा केवल एक मंज़िल नहीं, बल्कि आत्म-खोज की एक यात्रा है — ऐसी यात्रा जो चुनौती देती है, प्रेरित करती है, और उस भविष्य को आकार देती है जिसकी आप कल्पना करते हैं। श्रेष्ठ शिक्षकों, भविष्य के लिए तैयार अवसंरचना, और मूल्यों व नवाचार पर आधारित शिक्षण वातावरण के साथ, SRHU आपको अपनी विशिष्ट क्षमताओं को पहचानने, अपने जुनून को अपनाने और एक उद्देश्यपूर्ण जीवन बनाने के लिए सशक्त बनाता है।

**यहाँ आप केवल डिग्री प्राप्त नहीं करते, बल्कि अपना मार्ग खोजते हैं।**



HILL CAMPUS

एसआरएचयू हिल कैंपस, दुधारखाल, पौड़ी 246129, उत्तराखंड, भारत

दूरभाष: 0135-2471135 | ईमेल: info@srhu.edu.in | srhu.edu.in